वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 15.07.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 15.07.2024

केके कंस्ट्रक्शन पर 50 लाख रुपये का जुर्माना

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। सारनाथ से बरईपुर जाने वाले मार्ग पर वन विभाग गेट के सामने धंसी सड़क के मामले में वीडीए ने 50 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा के अनुसार केके कंस्ट्रशन पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही एफआईआर दर्ज करने और ब्लैक लिस्ट क्यों न किया जाए का नोटिस दिया गया है।

उन्होंने बताया कि बीते शनिवार को सड़क पर वाहन धंसने के स्थल का निरीक्षण किया गया था। उस दौरान कार्यदायी एजेंसी को नोटिस देकर 24 घंटे में जवाब मांगा गया था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसी क्रम में 24 घंटे बीतने के बाद कार्रवाई की गई। दरअसल जहां सड़क धंसी है। वहां नीचे सीवर और पेयजल लाइनें गई हैं। जिनमें लीकेज के चलते सड़क धंसने की समस्या आई है।

पर्यटन विकास के लिए सारनाथ में प्रो पुअर योजना के तहत काम चल रहा है। यहां सारनाथ क्षेत्र में सभी बौद्ध मंदिरों को सारनाथ मुख्य चौराहे वह संग्रहालय तक जोड़ने के तहत काम चल रहा है। मुख्य चौराहे से बरईपुर गांव की तरफ जाने वाली नवनिर्मित सड़क कोरियन मंदिर व गुलाबी मंदिर के लिए 2 हफ्ते पहले ही तैयार किया गया था। यहां सड़क बनने के एक हफ्ता बाद ही चार पहिया वाहन धंसने लगे।

हिन्दुस्तान–दि0 15.07.2024

वीडीए ने लगाया 50 लाख का जुर्माना

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा सारनाथ से बरईपुर जाने वाले मार्ग पर वन विभाग गेट के सामने धसी सड़क का शनिवार को निरीक्षण किया गया था। जिसमे केके कंस्ट्रक्शन से नोटिस देकर जवाब भी मांगा गया तथा सचिव द्वारा सख्त हिदायत दिया गया कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिसके क्रम में रविवार को कार्यदायी संस्था को 50 लाख का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने तथा ब्लैकलिस्ट क्यों न किया जाए का नोटिस दिया गया।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

राष्ट्रीय सहारा–दि0 15.07.2024

प्रो पुअर प्रोजेक्ट के तहत बन रही सारनाथ-बरईपुर रोड इधर बीच तीन बार धंसी

डामर की जगह चकरोड बनाने पर 50 लाख का लगा जुर्माना

कार्रवाई

वाराणसी/सारनाथ, हिटी। प्रो पुअर प्रोजेक्ट के तहत सारनाथ में डामर की सड़क की जगह चकरोड बनाने वाली एजेंसी केके कंस्ट्रक्शन पर वीडीए ने 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बेखौफ एजेंसी को अंतिम नोटिस भी जारी किया गया है कि काम में लापरवाही पर क्यों न उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाए। कार्यशैली में सुधार न होने पर एजेंसी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराने की चेतावनी दी गई है।

इधर बीच हुई बारिश में सारनाथ-बरईपुर के बीच बन रही सड़क निर्माण पूरा होने के पहले ही कई जगह धंस गई। इस पर 90 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। जगह-जगह हुए गड्ढों में जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली और एक स्कार्पियो फंस गई। शनिवार को वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने मौका मुआयना किया था। निरीक्षण के बाद सचिव ने शनिवार को ही केके कंस्ट्रक्शन को नोटिस देकर जवाब मांगा था। लेकिन जवाब न मिलने पर रविवार को 50 लाख जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई।

रविवार को सारनाथ-बरईपुर रोड को समतल करता रोलर। • हिन्दुस्तान

विश्व बैंक के प्रो पुअर प्रोजेक्ट का काम कुछ दिनों पहले ही पूरा हुआ है। एक माह में इस प्रोजेक्ट की कई कमियां सामने आई हैं। इनमें पाथवे के पत्थर उखड़ने लगे हैं, जगह-जगह पेयजल लीकेज के कारण सड़क धंसी है। इससे स्थानीय लोगों के साथ देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी परेशानी हो रही है।

बच्चा हो चुका है घायल: इससे पहले लैंप पिलर गिरने से पांच साल का शुभम घायल हो गया था। तब कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने पीडब्ल्यूडी के एसई गगन सिंह को जांच सौंपी थी। अभी यह जांच चल रही है। इस मामले में वीडीए ने कार्यदायी संस्था पर दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। उसके बाद भी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया।

गुणवत्ता पर सवाल

- नोटिस का जवाब न देने पर लगाया गया अर्थदंड
- वीडीए से बेखौफ एजेंसी को अंतिम नोटिस जारी
- लीकेज दुरुस्त-भरे गए गड्ढे, सड़क हुई समतल

सीवर लाइन बिछाने का काम रोक दिया गया

सारनाथ मुख्य चौराहा से बरईपुर जाने वाली सड़क पर हुए गड्ढों को पाट दिया गया है। पेयजल की पाइप लाइन में हुई लीकेज की मरम्मत के बाद रविवार को कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने बालू, गिट्टी डालकर गड्ढे पाटने के साथ सड़क को समतल कर किया। एजेंसी के मैनेजर अशोक शर्मा ने बताया कि सारनाथ-बरईपुर सड़क अभी फाइनल नहीं की गई थी। गहराई में सीवर सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क को मिट्टी से पाटा गया था जो बारिश में धंस गई।